:: कार्यालय—जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रतलाम म.प्र ::

:: नीलामी विज्ञापन ::

क्रमांक :   /17   रतलाम, दिनांक :   .2017

प्रति,

इस लेख द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासकीय वाहन एम्बेसेडर कार क्रमांक MP 02 - 6297 नीलामी जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर रतलाम में दिनांक 23-9-17 को प्रातः 11:00 बजे से 4:00 बजे के मध्य तक की जावेगी।

उपरोक्त वाहन की नीलामी जाहिर होकर, आम लोग खुद या अपने अधिकृत मुख्तयार के मार्फत बोली लगा सकेंगे, किंतु बोली बोलने वाले को रूपये 5000/— (पांच हजार रूपये मात्र) अमानत न्यायालय के नजारत अनुविभाग में नगद जमा कराना होगी। न्यूनतम बोली निर्धारित आफसेट वेल्यू राशि 20,000/— की होगी।

बोली कितनी बढकर लगेगी उसका अंतिम निर्णय गठित समिति द्वारा किया जाकर सर्वाधिक बोली बोलने वाले की बोली मान्य की जावेगी, बोली समाप्ति के पश्चात खरीददार को संपूर्ण राशि एक मुश्त जमा कराना होगी। नीलामी की अंतिम बोली जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय द्वारा स्वीकार/अस्वीकार की जावेगी।

विज्ञप्ति की शर्तें एवं नियम नियमानुसार रहेंगे।

1. वाहन जिस हालत में है उसी हालत में सौंपा जावेगा।
2. निर्धारित तिथि एवं समय सीमा के पश्चात नीलाम बोली मान्य नहीं होगी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय द्वारा नीलामी बोली की समय सीमा बढाई जा सकेगी।
3. वाहन की नीलामी बोली के साथ रूपये 5000/-- की धरोहर राशि नजारत अनुविभाग रतलाम में नगद जमा कराना होगी।
4. असफल बोलीदारों की धरोहर राशि वापस की जावेगी।
5. अंतिम बोलीदार की धरोहर राशि का समायोजन स्वीकृत राशि के विरूद्ध किया जावेगा तथा क्रेता को नीलाम स्वीकृति के अगले कार्य दिवस तक समस्त राशि जमा कराना होगी।
6. नीलाम के किसी भी बिंदू पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार जिला न्यायाधीश, महोदय रतलाम का होगा।
7. बोलीदार उल्लेखित उक्त वाहन का अवलोकन कार्यालयीन समय में जिला नाजिर को सूचना देकर जिला न्यायालय परिसर रतलाम में कर सकते है।

राकेश जमरा
रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट,
जिला न्यायालय रतलाम,म.प्र.

office mehtab 2015